**एक्सआइएसएस.** एलुमनी मीट में पहुंचे 1985-87 व 1995-97 बैच के विद्यार्थी

# कॉलेज के दिनों की पुरानी यादें हुईं ताजा

संवाददाता, रांची

एक्सआइएसएस रांची में शनिवार को एलुमनी मीट का आयोजन हुआ. इसमें पीएम एंड आइआर बैच 1985-87 के 18 और आरडी बैच 1995-97 के 22 विद्यार्थी शामिल हुए. सभी ने संस्थान (अल्मा मेटर) का भ्रमण किया. वर्षों पुराने सहपाठी एक-दूसरे से मिल कर उत्साहित थे. कॉलेज कैंपस और क्लासरूम को देख सभी अपनी यादें ताजा कर रहे थे. कई लोगों ने कॉलेज के दिनों की शरारत को साझा किया.

निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, सहायक निदेशक डॉ फादर प्रदीप केरकेट्टा और डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ए तिग्गा ने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्था का जड़ बताया. कहा : पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के बल पर संस्था लगातार आगे बढ़ती है. वहीं, विभिन्न क्षेत्र में स्थापित और अनुभवी प्रोफेशनल्स ने भी भविष्य में विद्यार्थियों के प्लेसमेंट, व्यक्तित्व विकास और कॉरपोरेट कनेक्शन में हर संभव सहयोग करने की बात कही. संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये अपने सुपर सीनियर्स का मनोरंजन किया.

## पूर्ववर्ती छात्रों ने वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिये कई टिप्स



पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने कॉलेज कैंपस और क्लासरूम का किया भ्रमण.

**पढ़ाई के बाद सीटीसी से ज्यादा काम को दें प्राथमिकता :** बैच 1985-87 के पूर्ववर्ती छात्रों ने यहां पढ़ाई करनेवाले विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा की. रेणु चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के बाद सीटीसी के जाल में न फंसकर करियर में बेहतर काम के विकल्प चुनें. एजीएम हेड एचआर ओएनजीसी शिलादित्य भट्टाचार्य ने प्रोफेशनल जीवन में आगे बढ़ने के कई टिप्स दिये. उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट सेक्टर में आगे बढ़ने के लिए संबंधित संस्था के मूल उद्देश्य को समझने की जरूरत है. इससे अपने काम को विस्तार दे सकेंगे. खुद को जिज्ञासु बनाकर लगातार सवाल पूछें. लगातार नये प्लान बनायें और प्रतिबद्ध होकर उसे पूरा करने का प्रयास करें. रजनीश सिंह ने नौकरी और करियर के बीच समझौता न कर खुद को विभिन्न परिस्थिति के लिए तैयार रखने की बात कही. वहीं, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मुसर्रत हुसैन ने विद्यार्थियों को अपने काम से दूसरों के लिए प्रेरणा बनने की बात कही. वहीं, देर शाम पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने द कावा में आयोजित गाला नाइट में अपने 35 वर्ष की यात्रा का जश्न मनाया. साथ ही एक-दूसरे के साथ फोटो क्लिक कर एलुमनी मीट को यादगार बनाया.

**PRESS: PRABHAT KHABAR**

# एक्सआईएसएस पीएम व आईआर के एल्युमिनी स्टूडेंट्स ने मनाया पुनर्मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस)ने रांची के मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम ने संस्थान में शनिवार को पीएम और आईआर के 1985-87 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम व आईआर के स्टूडेंट्स ने अपने 35 वर्षों के अनुभव, उपलब्धि, और गौरवशाली यात्रा लोगों के साथ साझा की। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जो वर्तमान में कई



बड़े संगठनों में मानव संसाधन विभाग के प्रमुख हैं। पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को संजोया और युवा छात्रों के साथ अपनी जीवन यात्रा साझा की।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामल गोम्स, प्रोफेसर और मानव संसाधन प्रबंधन के प्रमुख के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व छात्रों की निष्ठा और मार्गदर्शन सराहनीय है। इन्होंने जो छात्रों के बीच एक एचआर की सबसे प्रमुख खासियत, मानवीय स्पर्शऔर व्यक्तिगत विकास की बातें बतायी।

एक्सआईएसएस के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई. तिग्गा, एक्सआईएसएस, संस्थान के 18 सम्मानित पूर्व छात्रों, फैकल्टी और एचआरएम कार्यक्रम के छात्रों ने भी भाग लिया।

श्री उत्तम लाल, सीजीएम एचआर-सीएसआर एनटीपीसी लिमिटेड ने अपने संबोधन में कहा कि एक एचआर को विवरण और मानवीय भावनाओं पर ध्यान देना चाहिए, परिवर्तन लाने के लिए निरंतर वास्तविकता पर सवाल उठाते रहना चाहिए।

सिम्पलीएचआर सॉल्यूशंस एलएलपी के मैनेजिंग पार्टनर रजनीश सिंह ने कहा, खुशी उन्हें मिलती है जो करियर बनाने का विकल्प चुनते हैं। एचआर एक ऐसा पेशा है जहां व्यक्ति को निस्वार्थ होने व दूसरों को प्रेरित करना चाहिए।

श्री मुसर्रत हुसैन, हेड लीडरशिप एंड फंक्शनल स्कूल, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने जमीनी और सच्चे होने के गुण के बारे में बताया। कहा कि सत्य की जीत होगी। हमेशा सच के साथ खड़े रहें क्योंकि यह आपके दृष्टिकोण को परिभाषित करता है।

कार्यक्रम के तहत संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामूहिक नृत्य व गायन की प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। मौके पर मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम फैकल्टी द्वारा पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान करने तथा डॉ शारदा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**PRESS: KHABAR MANTRA**

# Class of 1987 of PM & IR attend an Alumni Reunion in XISS

Sunday, 06 November 2022 | PNS | Ranchi

SHARE

The Human Resource Management (HRM) Programme of Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi organized an Alumni Reunion for the batch of 1985-87 on Saturday, embarking on 35 years of experience, accomplishment, pride and growth.

The reunion was held to commemorate the class of 1987. The distinguished alumni who are currently HR leaders in several large organizations attended this meet. The alumni cherished the nostalgic moment and shared their life journey with the students.

The event commenced with a welcome address by Dr Shyamal Gomes, Head HRM who extended his heartfelt gratitude and appreciation for the everlasting loyalty and guidance of the alumni and their mantras of 'human touch' and 'individual growth' to the students during this event. The event was also attended by Dr Pradeep Kerketta, Assistant Director, XISS, Dr Amar E. Tigga, Dean Academics, XISS, along with 18 esteemed alumni of the Institute, Faculty, and students of the HRM Programme.

TRENDING NEWS


Anushka chooses 'best angles, photos' to wish hubby Virat


India's first voter dies in Himachal Pradesh, to be cremated with state honours


Like US, Mexico faces a state-by-state divide over abortion


'Bigg Boss 16': Salman Khan calls Shalin Bhanot 'bloody irritating'

Back To TOP

STATE EDITIONS

AAP accuses L-G of misusing powers

**PRESS: PIONEER**

# Class of '87 of PM and IR attend alumni reunion in XISS Ranchi

by Lagatar News — 05/11/2022



SHUBHANGI SHIFA

Ranchi, Nov 5: The Human Resource Management (HRM) Programme of Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi organised an Alumni Reunion for the batch of 1985-87 on Saturday, embarking the 35 years of experience, accomplishment, pride and growth

**PRESS: LAGATAR NEWS**